<u>**जनपद बाराबंकी**</u>

**दिनांक-04.04.2025**

**स्वाट/सर्विलांस व थाना रामनगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा ग्राम जुड़ौरा फार्म हाउस में लूट की घटना में वांछित 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे 02 अवैध तमंचा, कारतूस, नकदी व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद-**

जनपद में लूट/चोरी की घटनाओं पर रोकथाम लगाने व लूट/चोरी की घटनाओं में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आज दिनांक- 04.04.2025 को स्वाट/सर्विलांस व थाना रामनगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेन्स, डिजिटल डेटा के आधार पर थाना रामनगर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम जुड़ौरा फार्म हाउस में दिनांक 26/27.03.2025 की रात्रि हुई लूट की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत मु0अ0सं0 137/2025 धारा 310(2)/317(3) बीएनएस में वांछित 02 अभियुक्तों 1. अर्जुन सिंह पुत्र राम देव उर्फ मुंशी निवासी ग्राम जुड़ौरा थाना रामनगर जनपद बाराबंकी, 2. वकील पुत्र खलील निवासी ग्राम लोधौरा थाना रामनगर जनपद बाराबंकी को लोधौरा मजार के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 02 अवैध तमंचा, 03 अदद जिंदा कारतूस, लूट के 7500/- रुपये नकद व लूट की घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद किया गया एवं अभियोग उपरोक्त में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई। गिरफ्तार अभियुक्त वकील थाना रामनगर जनपद बाराबंकी का हिस्ट्रीशीटर अपराधी (HS No. 90A- थाना रामनगर) है।

दिनांक- 02.04.2025 को पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त मुकदमें से सम्बन्धित अभियुक्त निखिल तिवारी पुत्र स्व0 अरविन्द तिवारी नि0 133/83 एम ब्लॉक किदवई नगर थाना बाबूपुरवा जनपद कानपुर नगर को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया था।

जांच एवं पूछताछ से प्रकाश में आया कि अभियुक्त अर्जुन सिंह के गांव में एक वांछित अभियुक्त अचल सिंह का ननिहाल है, जहां वह अपने दो साथियों के साथ दिनांक- 17.03.2025 को आया था, अभियुक्त अर्जुन सिंह उन्हीं के साथ कानपुर चला गया था, जहां पर उसकी मुलाकत अभियुक्त निखिल तिवारी से हुई और वहीं पर अभियुक्तगणों द्वारा ग्राम जुड़ौरा फार्म हाउस में लूट की योजना बनाई गई। पूर्व योजनानुसार दिनांक- 26.03.2025 की शाम को अभियुक्तगण, वकील के किराये पर लिए गये बाग में एकत्रित हुए एवं वहीं से 26/27.03.2025 की रात्रि में ग्राम जुड़ौरा स्थित फार्म हाउस में अभियुक्त वकील को निगरानी के लिए बाहर छोड़कर अन्य अभियुक्तों ने अन्दर जाकर लूट की घटना को अंजाम दिये थे।

<u>**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण-**</u>

1. अर्जुन सिंह पुत्र राम देव उर्फ मुंशी निवासी ग्राम जुड़ौरा थाना रामनगर जनपद बाराबंकी
2. वकील पुत्र खलील निवासी ग्राम लोधौरा थाना रामनगर जनपद बाराबंकी (हिस्ट्रीशीटर थाना रामनगर)

<u>**बरामदगी-**</u>

1. 02 अदद अवैध तमंचा
2. 03 अदद जिंदा कारतूस
3. 7500/- रुपये नकद
4. पल्सर मोटरसाइकिल (लूट की घटना में प्रयुक्त)

**आपराधिक इतिहास-**

1. अभियुक्त अर्जुन सिंह पुत्र राम देव उर्फ मुंशी निवासी ग्राम जुड़ौरा थाना रामनगर जनपद बाराबंकी
1. मु0अ0सं0728/2020 धारा 41/411/413 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद बारबंकी
2. मु0अ0सं0 733/2020 धारा 379/411 थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी
3. मु0अ0सं0 263/2016 धारा 379 भादवि थाना रामनगर जनपद बाराबंकी

2. अभियुक्त वकील पुत्र खलील निवासी ग्राम लोधौरा थाना रामनगर जनपद बाराबंकी (हिस्ट्रीशीटर थाना रामनगर)
1. मु0अ0सं0 360/2009 धारा 3(1) यूपी गैंगस्टर एक्ट थाना रामनगर जनपद बाराबंकी
2. मु0अ0सं0 301/2009 धारा 392/411 भादवि थाना रामनगर जनपद बाराबंकी
3. मु0अ0सं0 306/2009 धारा 392/411 भादवि थाना रामनगर जनपद बाराबंकी
4. मु0अ0सं0 308/2009 धारा 307 भादवि थाना रामनगर जनपद बाराबंकी

**पुलिस टीम-**

**स्वाट टीम-**

1. निरीक्षक श्री ब्रजकिशोर सिंह प्रभारी स्वाट टीम
2. उ0नि0 श्री संजीव प्रकाश सिंह
3. उ0नि0 श्री मिथिलेश चौहान
4. उ0नि0 श्री अजीजुल हसन
5. हे0का0 बलवन्त सिंह, हे0का0 अंगद गौड़
6. हे0का0 जितेन्द्र बहादुर सरोज, हे0का0 मुकेश यादव,
7. का0 प्रवीण शुक्ल, का0 जरनैल सिंह, का0 अभय कुमार,
8. का0 अंकित तोमर, का0 अभिषेक राजवंशी, का0 नितिन कुमार

**सर्विलांस टीम-**

1. उ0नि0 श्री अजय सिंह प्रभारी सर्विलांस सेल
2. उ0नि0 श्री रामाधार पटेल
3. हे0का0 शैलेन्द्र प्रताप सिंह, हे0का0 जितेन्द्र वर्मा
4. हे0का0 मजहर अहमद, हे0का0 चन्द्रभान, हे0का0 पवन गौतम
5. का0 शैलेन्द्र कुमार, का0 अंकुर, का0 रवीन्द्र कुमार

**थाना रामनगर-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री अनिल कुमार पाण्डेय थाना रामनगर जनपद बाराबंकी
2. अतिरिक्त निरीक्षक श्री सुभाष चन्द्र यादव थाना रामनगर जनपद बाराबंकी
3. उ0नि0 श्री सन्तोष कुमार त्रिपाठी थाना रामनगर जनपद बाराबंकी
4. हे0का0 दीपक कुमार सिंह, हे0का0 देवेन्द्र कुमार सिंह थाना रामनगर जनपद बाराबंकी
5. का0 अरुण कुमार, का0 सूरज यादव थाना रामनगर जनपद बाराबंकी